हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 अन्नपूर्णा मुहिम से बदली उड़दन गांव की तस्वीर...



07 न्यायालय परिसर में लगाया गया स्वास्थ्य...



खबर संक्षेप

पितृपक्ष में खाटू श्याम रसोई की विशेष पहल

इटारसी। शहर में पिछले तीन वर्षों से जनसहयोग के माध्यम से संचालित खाटू श्याम रसोई द्वारा पितृपक्ष के दौरान दोनों समय जरूरतमंदों को विशेष भोजन कराया जाएगा। रसोई के सेवादार नितिन वर्मा ने नगरवासियों से अपने दिवंगत माता-पिता, परिजनों और पूर्वजों की पुण्य स्मृति में भोजन सेवा से जुड़ने की अपील की है। खाटू श्याम रसोई पिछले तीन वर्षों से लगातार जरूरतमंद, असहाय और श्रमिक परिवारों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध करा रही है।

नगरीय निकाय स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

नर्मदापुरम। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर 'सेवा सेतु सरकार आपके द्वार' विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा। यह बात अभियान के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह यादव ने शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में संबोधित करते हुए कही।

सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों को लेकर प्रभारी मंत्री सिंह ने की समीक्षा

समन्वय से सेवा संकल्प अभियान का सफल क्रियान्वयन करें: प्रभारी मंत्री

जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों को लेकर समीक्षा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह रविवार को नर्मदापुरम जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सेवा संकल्प अभियान की जिले में आयोजित की जा रही एवं आगामी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने सफल संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि को सभी कार्यक्रम के लिए सूचना समय से दी जाए।



नोडल अधिकारियों से ली गतिविधियों की जानकारी

बैठक में प्रभारी मंत्री सिंह ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विभागवार जानकारी संबंधित नोडल अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने बताया कि 21 सितंबर को विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 22 सितंबर को संकुल स्तर पर विद्यालयों से प्राप्त चित्रों का प्रदर्शन एवं प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। 24 सितंबर को विकासखंड स्तर पर चयनित चित्रों का प्रदर्शन एवं चयन होगा, जबकि 26 सितंबर को जिला स्तर पर चयनित श्रेष्ठ चित्रों का प्रदर्शन एवं चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित श्रेष्ठ चित्रों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए भेजा जाएगा।

जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाएं अधिकारी

प्रभारी मंत्री सिंह ने निर्देश दिए कि अभियान की गतिविधियों के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी विकासखंड स्तर पर कार्यरत यूनिट नोडल अधिकारियों तक आवश्यक जानकारी एवं सूचनाओं का समय पर संप्रेषण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर तैनात अधिकारी संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर आपसी समन्वय और सामंजस्य आवश्यक सभी गतिविधियों की जानकारी और कार्यक्रमों की सूचना और कार्य योजना पूर्व में ही उपलब्ध कराया जाए।

सेवा संस्मरण किए जाएंगे आयोजित

बैठक में बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा स्मरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जो 5 अक्टूबर तक संचालित होंगे। जिसमें विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता एवं सेवा भावना से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, प्रीति पवन शुक्ला, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

नाबालिगों का पीछा कर की मारपीट और लूट का प्रयास

परिजनों ने लगाए आरोप, पुलिस नही कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दो नाबालिग बालकों के साथ योजनाबद्ध तरीके से पीछा कर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और लूट का प्रयास करने का गंभीर मामला सामने आया था। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न करने और हल्की धाराओं में मामला दर्ज करने का आरोप लगाया है। पेट्रोल पंप से स्टेशन तक फिल्मी अंदाज में किया पीछा।

14 अगस्त की शाम रसूलिया निवासी दो नाबालिग बालक सतरास्ता स्थित पेट्रोल पंप से ईंधन डलवाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान दोपहिया वाहनों पर सवार चार युवकों ने उनका पीछा करना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, आरोपी एक पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 05 जेड एफ 9861 और एक एक्सेस स्कूटी पर सवार थे। पल्सर पर सवार मुख्य आरोपी लगातार अपने साथियों से फोन पर संपर्क में था। रेलवे स्टेशन परिसर में की मारपीट, चाबी छीनी आरोपियों ने दोनों बालकों को रेलवे स्टेशन परिसर में रोक लिया और रुपयों की मांग की। बालकों द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी थी। धमकी देते हुए सतरास्ता की ओर फरार हो गए थे।

परिजनों का आरोप है कि स्पष्ट साक्ष्य और फुटेज होने के बावजूद पुलिस ने लूट के प्रयास और अन्य गंभीर धाराओं को एफआईआर में शामिल नहीं किया। अन्य साथियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित बालकों के पिताओं ने बताया कि उन्होंने मामले में लूट के प्रयास, अवैध अवरोध और अन्य सुसंगत कानूनी धाराएं बढ़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों को विधिवत लिखित आवेदन दिया है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और धाराएं नहीं बढ़ाईं, तो वे वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाएंगे और न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

इनका कहना है

इस मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है और वे जमानत पर है। एक आरोपी की तलाश की जा रही है। यह पूरा मामला बाइक को कट मारने को लेकर था।

राजेश उइके, जीआरपी
थाना प्रभारी नर्मदापुरम

आयुर्वेद दिवस पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आयुष विभाग, नर्मदापुरम द्वारा आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय "निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर" का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर "स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद" की थीम पर आधारित होगा, जिसका उद्देश्य जन-जन को स्वस्थ जीवनशैली और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से जोड़ना है।शिविर से जुड़ी प्रमुख जानकारीदिनांक 23 सितम्बर 2026 समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थान आयुष विंग, जिला चिकित्सालय परिसर (गेट नं. 4), नर्मदापुरम (मध्य प्रदेश) आयोजक आयुष विभाग, नर्मदापुरम (म.प्र.)शिविर में मिलने वाली प्रमुख सेवाएँ एवं परामर्श इस शिविर में आने वाले नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न सेवाएँ निःशुल्क प्रदान की जाएँगी। जिनमें निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य की व्यापक जांच, रोग मार्गदर्शन विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से संबंधित परामर्श दिया जाएगा।

नर्मदापुरम में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने की कार्रवाई, 11 प्रकरण भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के आदेशानुसार और जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

विभाग द्वारा शनिवार को जिले के सभी व्रत क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 11 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में 50 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब और 405 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 50,500 रुपये आंकी गई है।



इसके साथ ही जिले में संचालित शासकीय मदिरा दुकानों का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें अनियमितता पाए जाने पर 10 विभागीय प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

उक्त कार्रवाई में आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षकों एवं आरक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता दिवस पर कायस्थ समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुष सदस्यों द्वारा रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाजजनों ने घाट परिसर एवं नर्मदा तट के आसपास सफाई करते हुए जमा कूड़ा-कचरा और गंदगी को एकत्र कर डस्टबिन में डाला। इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया।स्वच्छता अभियान के बाद मातृशक्ति एवं पुरुष सदस्यों को मां नर्मदा और शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। समाजजनों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं स्वच्छता का ध्यान रखेंगे तथा अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही नर्मदा तट पर कचरा नहीं फेंकने और घाट की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। समाज द्वारा इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे।



अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई नर्मदा नदी से 2 पनडुब्बी और 3 मोटरें जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पवित्र नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम सिवनी मालवा विजय राय के मार्गदर्शन में राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को नर्मदा नदी के तटीय इलाकों में छापेमार कार्रवाई की।

नर्मदा तट पर अवैध उत्खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद टीम ने ग्राम कजली और उसके आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी। मौके से अवैध खनन में उपयोग की जा रही 2 पनडुब्बियों और 03 मोटरों को जब्त किया गया है।



प्रशासन के अनुसार जब्त की गई एक पनडुब्बी को थाना शिवपुर और दूसरी पनडुब्बी को थाना सिवनी मालवा की सुपुर्दगी में दिया गया है। आरोपियों के विरुद्ध माइनिंग एक्ट व अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन का यह अभियान लगातार जारी है। बीते सप्ताह भी संयुक्त टीम द्वारा दो दिनों तक चलाए गए विशेष अभियान में अवैध खनन में लिप्त 20 पनडुब्बियों की मोटरें जब्त की गई थीं, जिन्हें थाना शिवपुर को सौंपा गया था। इस कार्रवाई पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्पष्ट कहा है कि रूपवित्र मां नर्मदा के तटीय क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का अवैध उत्खनन और परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शासकीय उमावि रायपुर में प्रतियोगिताएं संपन्न

नर्मदापुरम। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में आज 'सेवा संकल्प' कार्यक्रम के अंतर्गतरूमेरे सपनों का भारतरू विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के बीच भारी उत्साह देखने को मिला। अतिथियों एवं प्राचार्य का उद्बोधन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद महेश बावरिया, विष्णु मालवीय तथा दीपक यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य बी. पी. पठरिया ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया कि रविकसित भारत और हमारे सपनों का भारत कैसे बने।

कुशीनगर एक्सप्रेस के इंजन से उठा धुआं, 1 घंटे 9 मि देरी से रवाना

इटारसी स्टेशन पर कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जा रही कुशीनगर एक्सप्रेस के इंजन में रविवार दोपहर तकनीकी खराबी (कनेक्टर फॉल्ट) आने से हड़कंप मच गया। इंजन से अचानक धुआं उठते देख लोको पायलट ने सतर्कता बरतते हुए ट्रेन को इटारसी के नाला मोहल्ला आउटर पर रोक दिया। इस घटना के कारण ट्रेन को नया इंजन लगाकर 1 घंटे 9 मिनट की देरी से रवाना किया, जिससे स्टेशन के आसपास का रेल यातायात भी प्रभावित रहा।

घटना रविवार दोपहर करीब 12:17 बजे की है। आउटर पर ट्रेन रुकने की सूचना मिलते ही रेलवे के



अधिकारी और तकनीकी टीम तुरंत मौके पर पहुंचे। प्राथमिक जांच के बाद ट्रेन को वापस इटारसी रेलवे स्टेशन लाया गया। यहां खराब इंजन को हटाकर दूसरा इंजन लगाया गया, जिसके बाद दोपहर 1:44 बजे ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया जा सका। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ा। कुशीनगर एक्सप्रेस के आउटर पर खड़े होने के कारण पीछे से आ रही और आसपास से गुजरने वाली कई ट्रेनों को विभिन्न सिग्नलों पर रोकना पड़ा। रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए यातायात सामान्य किया।

घटना के बाद यह ट्रेनें हुईं प्रभावित

श्रीगंगानगर-हुजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस (12486) : सिग्नल नंबर 107 पर करीब 30 मिनट तक खड़ी रही। **महानगरी एक्सप्रेस (22177) :** भुसावल से इटारसी आते समय सिग्नल नंबर 28 पर लगभग 10 मिनट रुकी रही। **आमला-इटारसी मेमू (61121) :** सिग्नल नंबर 26 पर करीब 10 मिनट तक खड़ी रही। **पवन एक्सप्रेस (11062) :** इस ट्रेन के परिचालन को प्रभावित होने से बचाने के लिए इसे इटारसी की थर्ड लाइन से निकाला गया।

विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से दिया महिला सुरक्षा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में 19 सितंबर को युवक रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत महिला सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा समाज में महिला सुरक्षा का संदेश प्रसारित करना था। प्रतियोगिता में जेबा खान, रिया, हर्षित मेहरा, हेमा विश्वास, मुस्कान रोहे एवं साहिल खान ने सहभागिता की।

श्री माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में आयोजित किया समारोह

सेवा और साहित्य साधना को मिला सम्मान, नर्मदांचल की 30 विभूतियां प्रशस्ति पत्र और सम्मान पत्र से हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

रुक्मणी देवी राव पारमार्थिक न्यास एवं आकांक्षा परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 10 शिक्षकों, 8 साहित्यकारों तथा 8 पत्रकारों एवं समाजसेवियों सहित कुल 30 विभूतियों को सम्मानित किया गया। श्री माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में आयोजित समारोह में अतिथियों ने सम्मानित व्यक्तित्वों के योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

माखन नगर। रुक्मणी देवी राव पारमार्थिक न्यास के सम्मान समारोह का आयोजन आकांक्षा परिवार द्वारा रविवार को श्री माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में किया गया। समारोह में दस शिक्षकों, आठ साहित्यकारों तथा आठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि अशोक जमनानी तथा विशेष अतिथि समाजसेवी नंदा मिलन डेरिया रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं पंडित माखनलाल चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। आकांक्षा परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। स्वागत गीत कुसुम परसाई ने प्रस्तुत किया।



समारोह को डॉ. विकास दवे ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि अशोक जमनानी ने अपने विचार व्यक्त किए। विशेष अतिथि नंदा मिलन डेरिया ने आकांक्षा परिवार के गठन से लेकर उसके विस्तार तक की यात्रा का उल्लेख किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सिंघई सहित आठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। वहीं साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए बाबूलाल कदम सहित आठ साहित्यकारों तथा शिक्षक क्षेत्र में सेवाएं देने वाले महेश वर्मा, राजेंद्र दीवान, अर्चना मिश्रा, जगदीश निर्मल सहित दस शिक्षकों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र भेंट किए गए।

गूंजे जय श्रीराम के जयघोष हुई श्रीगणेश जी की महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रसूलिया स्थित फौजदार पेट्रोल पंप के सामने नवयुवक गणेश उत्सव समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंगदल के सहयोग से साप्ताहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं श्री गणेश महाआरती का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों ने शामिल होकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भगवान श्री गणेश की महाआरती में सहभागिता की। समिति के राकेश धाकड़ एवं अभिजीत मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद भगवान श्री गणेश की महाआरती की गई। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और जय श्री राम तथा जय बजरंग बली के जयघोष गूंजते रहे।

खबर संक्षेप



तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले 5 दुकानदारों के खिलाफ की कार्रवाई

बैतूल। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण टीम ने कारगिल चौक एवं बस स्टैंड स्थित पान ठेले एवं चाय की दुकानों का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि इस दौरान कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पाद का सेवन करने वाले व्यक्तियों के ऊपर एवं तंबाकू उत्पाद बेचने वाले 5 दुकानदारों पर 900 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। लोगों को तम्बाकू उत्पादन के सेवन से होने वाली बीमारियों एवं दुष्प्रभाव के बारे में समझाइश दी गई। जिला स्तरीय निरीक्षण दल में जिला नोडल अधिकारी डॉ शुभांजलि बंसोड, फूड इंस्पेक्टर संदीप पाटिल, एसआई उत्तम मस्तकर, एएसआई शिकशोरीलाल, प्रधान आरक्षक कृष्णकांत विधौलिया एवं आरक्षक अतुल शर्मा उपस्थित थे।

शिक्षा संजीवनी अभियान दान से संवर रहे सरकारी स्कूल

बैतूल। शिक्षा संजीवनी अभियान में सहयोग करते हुए मलाजपुर के सेवानिवृत शिक्षक प्रेमचंद करछले ने चिचोली ब्लॉक की शासकीय प्राथमिक शाला ढूमका ढाना में 10 सेट डेस्क बेंच डोनेट किए । ग्राम पंचायत मलाजपुर के सभी सदस्यों, सरपंच, सचिव एवं प्राचार्य ने उनका आभार व्यक्त किया। ईपीईएस मोहदा में शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत कक्षा 6वी, 7वी एवं 8वी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के माता-पिता ने संयुक्त रूप से ईपीईएस मोहदा के लिए शाला प्रभारी को 3 सिलिंग फेन भेंट किये। इसी प्रकार शाला में पदस्थ शिक्षिका ममता नागले ने सासु मां की स्मृति में प्राथमिक शाला चौढाढाना जन शिक्षा केन्द्र जम्बाड़ा को 54 इंच एलईडी टीवी, दो ऑफिस चेयर, एक टेबल भेंट किए।

सूरगांव की पहली 'डॉक्टर' बनेगी प्रतिभा, भोपाल से करेगी एमबीबीएस

बैतूल। गांव, गरीब और किसान परिवार के बच्चे भी हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रहे हैं। समीपी ग्राम सूरगांव की निवासी और



किसान परिवार की बेटी प्रतिभा बनकर ने यही साबित किया है। प्रतिभा ने नीट-यूजी परीक्षा में 475 अंकों के साथ कामयाबी हासिल की और भोपाल मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया है। प्रतिभा ने यह कामयाबी हासिल कर अपनी मेहनत और लगन से अपने परिवार के साथ-साथ पूरे सूरगांव का नाम रोशन किया है। वे सूरगांव की पहली बेटी हैं, जिन्होंने यह सफलता हासिल की है। किसान परिवार से आने वाली प्रतिभा ने लगातार अथक परिश्रम कर डॉक्टर बनने के अपने सपने की ओर कदम बढ़ाया है। उनकी एमबीबीएस की पढ़ाई में मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता भी महत्वपूर्ण सहारा बनेगी। प्रतिभा के पिता कलिराम बनकर किसान हैं और माता लता बनकर गृहिणी हैं। बेटी की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और शिक्षकों ने प्रतिभा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रतिभा का सपना डॉक्टर बन कर समाज और जरुरतमंद लोगों की सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और शिक्षकों के सहयोग को दिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण-चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

सीहोर। शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शाला स्तर पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री श्रीमती सीमा सक्सेना उपस्थित रही।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने सार्वजनिक भवन निःशुल्क आवास और स्कूल सुविधाओं का किया शुभारंभ

अन्नपूर्णा मुहिम से बदली उड़दन गांव की तस्वीर, गांव को चौपाल, स्कूल को कक्ष तो असहाय महिला को मिला आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

ग्राम उड़दन में संत रामपाल महाराज व अनुयायियों के माध्यम से संचालित अन्नपूर्णा मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत जनकल्याण से जुड़े कई कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। रविवार को सार्वजनिक उपयोग के लिए चौपाल का निर्माण, गरीब एवं असहाय विधवा महिला को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने के साथ शासकीय प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए। इन कार्यों का शुभारंभ भाजपा बैतूल जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार की मौजूदगी





में हुआ। अन्नपूर्णा मुहिम के तहत ग्राम उड़दन में 90×65 फीट का सार्वजनिक टीन शेड (चौपाल) तैयार कराया गया है। इसके साथ 900 वर्गफीट की सुरक्षा दीवार का निर्माण तथा पूरे प्रांगण में मुरम का भराव कराया गया। कार्य पूर्ण होने के बाद भाजपा बैतूल जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने सार्वजनिक चौपाल ग्रामवासियों को सौंप दी।

असहाय महिला को मिला आवास.....

मुहिम के तहत ग्राम की गरीब, असहाय विधवा महिला पूजा धुर्वे पत्नी सुखनंदन धुर्वे के लिए निःशुल्क आवास का निर्माण भी कराया गया। आवास निर्माण के साथ घर की आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई, जिसमें सुई-धागे से लेकर विभिन्न प्रकार के बर्तन और घर की जरूरत की अन्य सामग्री शामिल है। अन्नपूर्णा मुहिम के तहत पूजा धुर्वे को आजीवन राशन उपलब्ध कराने की बात भी कही गई। इस दौरान सुधाकर पवार ने पूजा धुर्वे को नवनिर्मित मकान की चाबी सौंपी और गृह प्रवेश कराया।

स्कूल को मिला कक्ष.....

ग्राम की शासकीय प्राथमिक शाला उड़दन में भी विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई कार्य कराए गए। पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए टेबल-बेंच उपलब्ध कराई गईं। स्कूल में दो कंप्यूटर सिस्टम लगाए गए तथा पीने के पानी के लिए 200 लीटर की प्याऊ उपलब्ध कराई गई। बालक एवं बालिकाओं के शौचालयों के लिए 500 लीटर की पानी की टंकी फिटिंग कराई गई। इसके अलावा स्कूल के मुख्य गेट से कक्षाओं तक पहुंचने के लिए 100 फीट लंबा रास्ता भी तैयार कराया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई टेबल-बेंच की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के साथ बैठकर उनकी सुविधा देखी। उन्होंने संत रामपाल महाराज द्वारा संचालित अन्नपूर्णा मुहिम के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे जनकल्याणकारी मुहिम बताया।

कोरोना काल में आई दिक्कतों को देखते हुए नपा ने लिया था गैस शवदाह संयंत्र लगाने का निर्णय

गैस से संचालित होने वाला शवदाह गृह अब तक शुरू नहीं, लकड़ियों के सहारे कर रहे दाह संस्कार

दो साल में हुई बिल्डिंग तैयार मशीनें आई तो पॉट्स हो गए चोरी, गैस पाइप की समस्या से अटका गृह का काम सीएमओ बोले- व्यवस्था बनाकर जल्द की जाएगी शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शहर के कोठीबाजार मोक्षधाम में करीब 50 लाख से बना एलपीजी गैस से संचालित शवदाह गृह अब तक शुरू नहीं हो सका है। इसके कारण लकड़ी से ही शव दहन किया जा रहा है। इससे शहर में प्रदूषण कम करने और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को आसान बनाने की आधुनिक सुविधा शोपीस बनकर रह गई है।

दरअसल पारंपरिक लकड़ी आधारित दाह संस्कार से होने वाले प्रदूषण को कम करने और लोगों को कम समय में अंतिम संस्कार की सुविधा मिल सके, इस उद्देश्य को लेकर नगरपालिका ने कोरोना काल में गैस चलित शवदाह गृह बनाने को मंजूरी दी थी, लेकिन साढ़े चार साल गुजर जाने के बाद भी शवदाह गृह शुरू नहीं हो पाया है। नगर पालिका प्रशासन भी इसे शुरू करने में रुचि नहीं ले रहा है। देख रेख के अभाव में निगरानी के अभाव में यहां लगी मशीन के कुछ हिस्से भी चोरी हो गए हैं, जिससे इसे शुरू करना और भी मुश्किल हो गया है।निर्माण कार्य शुरू होने के बाद प्रोजेक्ट की लागत बढऩे पर इसे रिवाइज भी किया था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो सका है।

लकड़ी से दाह संस्कार पड़ रहा महंगा

परंपरागत शवदाह के लिए चार से पांच क्विंटल लकड़ी लगती है, जिस पर चार से साढ़े चार हजार रुपए तक खर्च आता है। गरीब परिवारों के लिए यह बड़ी चुनौती है। बारिश में गीली लकड़ी के कारण दाह संस्कार में कई घंटे लग जाते हैं, जबकि गैस चलित शवदाह गृह में दो एलपीजी सिलेंडर के उपयोग से मात्र 30 मिनट में दाह संस्कार संभव हो जाता है। इसके अलावा खर्च भी कम और चिमनी के जरिए धुएं को फिल्टर कर बाहर छोड़ा जा सकता है। जिससे प्रदूषण में कमी आयेगी। लेकिन लकड़ी पर निर्भरता खत्म करने और पर्यावरण प्रदूषण कम करने का यह प्रयास लेटलतीफी का शिकार हो गया है।

कोरोना काल के बाद नपा ने लिया था बनाने का निर्णय

कोरोना काल के दौरान शवदाह को लेकर आई कठिनाइयों के बाद नगरपालिका ने गैस चलित शवदाह गृह बनाने का निर्णय लिया। परिषद से स्वीकृति के बाद टेंडर जारी कर कोठी बाजार मोक्षधाम में निर्माण शुरू हुआ, ठेकेदार ने बिल्डिंग तैयार करने में ही दो साल निकाल दिए। इसके बाद बिल्डिंग तैयार हुई और मशीने भी आ गई। लेकिन गैस चलित शवदाह गृह शुरू नहीं हो पाया है। लोग आज भी लकडियों के सहारे ही शवों का दाह संस्कार कर रहे है। जानकार बताते है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मशीन चलाएगा कौन और इसे संचालित करने की प्रक्रिया क्या होगी?

हर माह 50 लोगों दाह संस्कार, 250 क्विंटल लकड़ी का इस्तेमाल...

कोठीबाजार मोक्षधाम शहर का प्रमुख अंतिम संस्कार स्थल है, जहां प्रतिमाह करीब पचास से अधिक शवों का दाह संस्कार किया जाता है। एक बार में करीब 5 क्विंटल लकड़ी का उपयोग होता है। ऐसे में हर माह करीब 250 क्विंटल लकड़ी उपयोग होती है। इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि आम लोगों पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया रहा है। जागरूक नागरिकों ने बताया बारिश में अंतिम संस्कार के दौरान परेशानी होती है। गीली लकड़ियों से कई बार चिता ठीक से नहीं जल पाती और शवदाह में घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा नगर पालिका से गैस शवदाह गृह को जल्द शुरू करने की मांग की जा चुकी है। करीब चार-पांच साल से इसका कार्य चल रहा है, लेकिन यह शुरू नहीं हो सका है।


इनका कहना है...

मशीन के कुछ पार्ट्स चोरी हो गये थे, उसे ठेकेदार द्वारा पुनः लगाया गया है। चूंकि गैस चालित शवदाह गृह होने के कारण गैस कनेक्शन की आवश्यकता थी, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। कुछ कमियां हैं, उसे भी जल्द दूर कर गैस शवदाह गृह को जल्द शुरू कर दिया जायेगा।

- नवनीत पाण्डेय, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

मुलताई-अमरावती मार्ग पर बेकाबू ट्रक

तेज रफ्तार ट्रक ने कई मोटर साइकिलों को मारी टक्कर



एक बाइक ट्रक के नीचे फंसी, लोगों ने चाय की दुकान में भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई-अमरावती मार्ग पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर मौजूद मोटरसाइकिलों से टकरा गया। ट्रक को बेकाबू हालत में अपनी ओर आता देख सड़क पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। कई लोगों ने पास की चाय की दुकान में भागकर अपनी जान बचाई। हादसे में एक मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे फंस गई, जबकि कुछ अन्य वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

अचानक खोया नियंत्रण लोगों में मची भगदड़

प्रत्यक्षदर्शी नितिन बड़िये के अनुसार ट्रक अमरावती रोड की ओर तेज रफ्तार से आ रहा था। इसी दौरान अचानक चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते ट्रक बेकाबू होकर सड़क की ओर बढ़ने लगा। ट्रक को अपनी तरफ आता देख सड़क पर मौजूद लोग घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कई लोग पास स्थित चाय की दुकान में पहुंचकर सुरक्षित स्थान पर जा छिपे। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर खड़ी और गुजर रही कई मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे फंस गई। ट्रक उसे कुछ दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। बाद में ट्रक एक मकान के पास जाकर रुका। हादसे में अन्य कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रक चालक की पहचान अमला निवासी राजू धोटे के रूप में बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों ने चालक के शराब के नशे में होने का आरोप लगाया है। हालांकि, चालक ने शराब का सेवन किया था या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच और मेडिकल परीक्षण के बाद ही हो सकेगी।

बीजादेही पुलिस ने 175 नग गांजे के पौधे किए जब्त, कुल वजन 39.800 किलोग्राम

खेत में मक्का और तुअर की फसल के बीच उगा रखे थे गांजे के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा/बैतूल

बीजादेही पुलिस द्वारा ग्राम ढोढरामउ में गांजे की अवैध खेती का खुलासा कर बड़ी मात्रा में गांजे के हरे पौधे जब्त किए। बीजादेही पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ढोढरामउ निवासी प्रेमलाल काजले द्वारा अपने खेत में बनी झोपड़ी के आसपास मक्का एवं तुअर की फसल के बीच गांजे के पौधे अवैध रूप से उगाए गए हैं। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम स्वतंत्र साक्षियों के साथ ग्राम ढोढरामउ स्थित हरदु वाला टेकड़ा पहुंची। खेत की तलाशी लेने पर झोपड़ी के आसपास फसल के बीच बड़ी संख्या में गांजे के हरे पौधे पाए गए। मौके पर पौधों की गिनती करने पर कुल 175 नग पौधे मिले, जिनकी ऊंचाई लगभग 3 से 8 फीट थी। मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से गांजे के पौधों का वजन किया गया। कुल 175 पौधों का वजन 39 किलो 800 ग्राम पाया गया। नियमानुसार दो नमूने, प्रत्येक 400 ग्राम, पृथक किए गए तथा शेष 39 किलोग्राम गांजे के हरे पौधों को विधिवत पैक कर सीलबंद किया गया। जब्त



मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 1,56,000 रुपये बताई गई है। पुलिस ने भूमि स्वामी प्रेमलाल काजले पिता श्यामलाल काजले निवासी ग्राम ढोढरामउ के विरुद्ध* थाना बीजादेही में अपराध क्रमांक 68/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

भारत को जानो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान और प्रतिभा

विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में 25 विद्यालयों के 60 चयनित विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

भारत विकास परिषद् मां ताप्ती शाखा मुलताई द्वारा विकासखंड स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, मुलताई में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड मुलताई के 25 विद्यालयों के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के चयनित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में शाला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का प्रथम चरण पूर्व में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किया गया था। इस चरण में 2000 से अधिक



विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों के लिए विकासखंड स्तरीय द्वितीय चरण की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 25 विद्यालयों के कुल 60 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कनिष्ठ वर्ग में एस.एस. कॉन्वेंट स्कूल, दातोरा की छात्राओं डॉली उकंड़े एवं वंशिका मोहबे की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आर.डी. पब्लिक स्कूल, मुलताई के विद्यार्थियों गुरूत्व पानकर एवं आनंद कुमार की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग में कोरोला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों जयेश भार्गव एवं कौतुक तिरुलकर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नर्मदापुरम में होगी प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता

विकासखंड स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग की विजेता टीमें अब 27 सितंबर 2026 को नर्मदापुरम में आयोजित होने वाली प्रांत स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में मुलताई का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसे लेकर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह में भारत विकास परिषद् के प्रांत संस्कार संयोजक अभिषेक खंडेलवाल, जिला समन्वयक राजीव जैन, शाखा अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, सचिव कन्हैया सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप भार्गव, संस्कार प्रमुख राहुल भार्गव, महिला प्रमुख माधुरी साबले एवं पर्यावरण प्रमुख प्रवीण जैन सहित विनोद जैन, गजानन कावड़कर, मनोज उइके, राजेश्वर बुवाडे, महेश खत्री, देवेंद्र जैन एवं गिरीश मदरदे उपस्थित रहे।

लोगों ने कहा: रेलवे का गलत निर्णय, पार्किंग असुरक्षित तो फिर कहां रखें अपने वाहन

रेलवे का फरमान: पार्किंग में खड़े वाहनों की सुरक्षा खुद करें यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

अगर आप रेलवे से यात्रा करते हैं और रेलवे स्टेशन पर बने पार्किंग में अपने वाहन खड़े करते हैं और ये सोचते हैं कि आपका वाहन सुरक्षित है, तो आप पूरी तरह गलत है। अब आप थोड़ा सतर्क हो जाइए, क्योंकि रेलवे अब आपके वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी से हट चुका है। बीते लगभग दस दिनों पहले तक यहां पार्किंग सुरक्षा संभाल रहे ठेकेदार का कार्यकाल समाप्त होने पर यहां पार्किंग सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी नए हाथों में देने की बजाय रेलवे ने यहां फ्री पार्किंग का सूचना पटल लगा दिया, और अब यहां आज एक नया सूचना पटल लगा दिया गया



है, जिस पर साफ-साफ लिखा है कि यात्री यहां अपने वाहन की सुरक्षा स्वयं करें, वाहन चोरी होने पर पुलिस की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी- आदेश अनुसार जीआरपी आमला।

अब ऐसे में यहां रेलवे पार्किंग में अपने वाहन रखने वालों में डर पैदा हो गया है और लोग कह रहे हैं कि अगर यहां पार्किंग में वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ही रेलवे प्रशासन नहीं ले रहा है तो अब आखिर रेलयात्री अपने वाहन लेकर कहां जाएं।

रेलवे का फरमान, चोरों को आमंत्रण रेलवे प्रशासन द्वारा यहां रेलवे पार्किंग में रेल यात्रियों के वाहनों की सुरक्षा से पल्ला झाड़ने पर अब यहां पार्किंग में अपने वाहन रखने वालों में अपने-अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर डर पैदा हो गया है। रेल यात्रियों का कहना है कि यहां फ्री पार्किंग नहीं चाहिए, लेकिन वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी रेल प्रशासन की है। यहां रेलवे द्वारा सूचना पटल के माध्यम से बताया जा रहा है कि अगर किसी यात्री का वाहन चोरी होगा, तो उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ये तो सीधे चोरों को आमंत्रित करना है।

रेलकर्मियों की भी मुश्किलें : आमला रेलवे पार्किंग में प्रतिदिन यहां सैकड़ो रेलयात्री अपने वाहन पार्किंग में रखते हैं, रेल यात्रियों को भरोसा है कि यहां पार्किंग में उनका वाहन सुरक्षित रहेगा, किंतु अब रेलवे ने यहां वाहनों की सुरक्षा से ही अपना पल्ला झाड़ लिया है। यहां पार्किंग में वाहन रखने वालों में डर पैदा हो गया है, और ये डर केवल आम रेलयात्रियों में ही नहीं है, बल्कि रेलवे के दर्जनों कर्मचारी जो यहां पार्किंग में अपने वाहन रखते हैं, रेलवे के इस फैसले से रेल कर्मियों ने भी अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। इस मौके पर प्रतिदिन बैतूल मुलताई आदि अन्य स्थानों पर अप डाउन करने वाले ऐसे रेल यात्री जो रेलवे पार्किंग में अपने वाहन रखते हैं, उनके लिए अब रेलवे की पार्किंग रेलवे पुलिस के नए फरमान से इन लोगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है।

इनका कहना है...

रेलवे पार्किंग के ठेकेदार का कार्यकाल समाप्त होने पर और नए ठेकेदार की व्यवस्था नहीं होने के चलते यहां फ्री पार्किंग की गई है, जल्द ही यहां पार्किंग का ठेका नए ठेकेदार को सौंप दिया जाएगा।

सुनील पंत, कमर्शियल इंस्पेक्टर रेलवे आमला

हमारे पास पुलिसकर्मी भी कम हैं और हम 24 घंटे अपने किसी कर्मचारी को वाहनों में की सुरक्षा के लिए नहीं लगा सकते, इस संबंध में रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

प्रमोद पाटिल थाना प्रभारी जीआरपी आमला

खबर संक्षेप

सीहोर जिले के 196 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी की सौगात

सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी की सौगात दी। प्रदेशभर के 7,400 से अधिक मेधावी विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हुए। इसी क्रम में सीहोर जिले के 196 मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी प्रदान की गई है। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आवागमन में सुविधा उपलब्ध कराना तथा उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। ई-स्कूटी मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूटी से उन्हें स्कूल, कॉलेज और उच्च शिक्षा के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा पढ़ाई जारी रखने में भी सहायता प्राप्त होगी।

शारदीय नवरात्रि की तैयारियों को लेकर शीघ्र होगी बैठक

सीहोर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सलकनपुर स्थित देवी धाम पहुंचकर माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महेश उपाध्याय ने बताया कि आगामी शारदीय नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर शीघ्र ही ट्रस्ट के सदस्यों एवं प्रशासन के अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में नवरात्रि के दौरान दर्शन व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेंट पैट्रिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में हुए कार्यक्रम

सपनों का भारत, विकसित भारत विषय पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

सोहागपुर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेंट पैट्रिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सपनों का भारत, विकसित भारत' विषय पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत स्थानीय सेंट पैट्रिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में "सपनों का भारत, विकसित भारत" विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को दो अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "सपनों का भारत, विकसित भारत" की संकल्पना को अपने रचनात्मक विचारों और रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरा। विद्यार्थियों ने विकसित भारत की कल्पना को शिक्षा, तकनीक, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक सुविधाओं, आत्मनिर्भरता एवं देश की प्रगति जैसे विभिन्न विषयों के माध्यम से आकर्षक चित्रों में प्रस्तुत किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, देश की प्रगति तथा भविष्य के भारत की अपनी कल्पनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों एवं चित्रों को आगामी 21 सितंबर को विद्यालय में प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

पुरस्कृत हुए विद्यार्थी

प्रतियोगिता अंतर्गत दो समूहों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक समूह से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के विजेताओं का चयन किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य फादर दिलीप मिंज ने विद्यार्थियों को विकसित भारत की संकल्पना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हमारा भारत कैसा होना चाहिए और देश को विकसित बनाने में शिक्षा, तकनीक, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, रोजगार, आत्मनिर्भरता एवं नागरिक जिम्मेदारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

शासकीय हाईस्कूल बांसखापा में संपन्न हुआ सेवा संकल्प कार्यक्रम

सोहागपुर विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल बांसखापा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत मेरे सपनों का भारत थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोहागपुर व्यापारी प्रकोष्ठ के सचिव व भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी, शाला प्राचार्य यशवंत रघुवंशी, शिक्षक पतिराम अहिरवार, जितेंद्र कुमार, राजेश पटेल, योगेंद्र पटेल, चन्द्रमोहन नायक, रोशनी रावत, नितिन पचौरी एवं अभिषेक सहित स्कूल के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा सुहागपुर मंडल कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी ने समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।



छत्तीसगढ़ व झारखंड की तर्ज पर गोधन योजना की मांग

नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

झारखंड एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी गौधन न्याय योजना लागू करने की मांग मैदानी स्तर पर कांग्रेस द्वारा उठाई जाएगी। इसके लिए नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव जलज शर्मा द्वारा मैदानी कार्य किया जा रहा है।

शर्मा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि उन्होंने सोहागपुर ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों एवं गौपालकों से संपर्क प्रारंभ किया है। इस क्रम में रविवार को शर्मा बंदीछोड़ पिपरिया गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से संपर्क किया तथा कहा कि झारखंड एवं छत्तीसगढ़ में गौधन योजना अंतर्गत सरकार गौपालकों व किसानों से 2 प्रति किलो के दर पर गोबर लेती है। इससे यह लाभ होता है कि जो पशु दूध देना बंद कर चुके हैं, उन्हें भी किसान एवं गौपालक अपने पास रखते हैं व उनका संरक्षण करते हैं। क्योंकि दूध नहीं देने पर भी मवेशियों से गोबर प्राप्त होता है जिसके बदले किसानों व गौपालकों को आय होती है। अतः मध्य प्रदेश में भी गौधन योजना लागू की जाए, इस बात के लिए नर्मदा परम कांग्रेस जिला सचिव जलज शर्मा द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

लिखूंगा पत्र



मैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस हेतु पत्र लिखने वाला हूं कि प्रदेश में गौधन योजना लागू की जाए। साथ ही गांव-गांव में संपर्ककर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

जलज शर्मा, नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांदीपनि स्कूल पचमढ़ी में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

पचमढ़ी। अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत ,विकसित भारत, मेरे सपनों का भारत की थीम पर खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रीवा एवम् सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शानदार रोमांचक मैच में सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी ने 4-2 गोल से बढ़त बनाकर जीत हासिल की। विजेताओं को प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथियों पूर्व छावनी परिषद उपाध्यक्ष महेश कनौजिया, पूर्व पार्षद संजीव जायसवाल, सुनील कोरी द्वारा रीवा टीम के कोच कासिम एवं पचमढ़ी टीम के कोच संतोष यादव सहित सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी से पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रेरणा संदेश के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं गई।



इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता, ज्योति यादव, रूपनारायण श्रीवास, पल्लवी साहू , सरिता धूत किसनलाल उईके सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। समस्त प्रतियोगिताओं के आयोजन में बैशाखू कौशल, प्रियांश सामरे और पुरुषोत्तम का विशेष सहयोग रहा। समस्त प्रतियोगिता को खेल प्रशिक्षक संतोष यादव द्वारा अत्यंत ही कुशलता से संपन्न कराया गया।

न्यायालय परिसर में लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



न्यायालय परिसर सोहागपुर में शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, प्रधान जिला न्यायाधीश नर्मदापुरम व अध्यक्ष एवं प्रथम अपर जिला न्यायाधीश अतुल सक्सेना के मार्गदर्शन में सोहागपुर के अधिवक्ता संघ के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे से मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. कमलेश विश्वास, टेक्नीशियन लक्ष्मी पड़ते व मेडिकल टीम ने न्यायालयीन कर्मचारी एवं अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं जरूरत अनुसार स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देते हुए दवाएं उपलब्ध कराईं। न्यायाधीशगण अतुल सक्सेना, अपेक्षा यादव तथा तेजदीप सिंह साशन सहित अधिवक्ता संघ पदाधिकारियों की सहभागिता ने शिविर को सफल बनाया। न्यायाधीश सक्सेना द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

शहर के साईं कृष्णा रिसॉर्ट में कौशल श्री सेवा समिति, नर्मदापुरम द्वारा एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में 5 सितंबर को 'राज्यपाल पुरस्कार' से विभूषित शिक्षक शओमप्रकाश विश्वकर्मा का समिति द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं सोहागपुर विधानसभा के विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथियों में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (भोपाल) की कुलसचिव संगीता तथा नर्मदा महाविद्यालय के प्राचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान समाज के भविष्य को संवारने का सम्मान है।

ओमप्रकाश विश्वकर्मा को राज्यपाल पुरस्कार मिलना संपूर्ण जिले और पचमढ़ी के लिए गौरव की बात है। कौशल श्री सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र एवं पुष्प हार भेंट कर सम्मानित शिक्षक ओमप्रकाश विश्वकर्मा को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य व उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान की सराहना की। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद एवं समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

पिपरिया में राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ का हुआ समागम, विशेष सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिलारीकेएक निजी होटल में राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ कार्यसमिति की बैठक एवं विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पुरे मध्यप्रदेश के कल्चुरी एकता महासंघ कार्यसमिति सदस्य एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। पिपरिया के सभी वरिष्ठ कल्चुरी समाज जनों का अभिनंदन किया गया। महासंघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। भगवान सहस्त्रबाहु पर आधारित फिल्म जय महिष्मति का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्चना जायसवाल राष्ट्रीय संयोजक, अध्यक्षता राकेश राय प्रदेश अध्यक्ष कल्चुरी समाज के द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कटकवार के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि की,एन, जायसवाल नरेश जायसवाल मानव जायसवाल पंकज चौकसे मनोज शाह विश्वनाथ कलवार हरिश कलाल भरत पोरवाल आनंद मेवाहा शैलेन्द्र महाजन चंद्र पाल चौकसे हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक राजा राय नरेंद्र घुवारेविकास मेवाड़ा प्रकाश राय नीमा गौर मनीषा राय सुशील शिवहरे यह सभी भारत देश के विभिन्न राज्यों के महानगरों से पधारे थे।

सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। पिपरिया नगर के अध्यक्ष रामदास राय रेखा जायसवाल , कुलदीप जायसवाल , हंसमुख जायसवाल हेमंत राय अरविंद राय हतवास , सहित अन्य सभी लोगों एवं युवा कल्याण परिषद के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं महिला मोर्चा कल्चुरी समाज जनों का विशालकाय सम्मेलन आयोजित किया गया।मंच संचालन संजीव मालवीय राय के द्वारा किया गया।

अमन कटकवार ने बताया कि सामाजिक समरसता संकल्प के साथ समाज के कमजोर वर्ग के उन परिवारों को लेकर चर्चा हुई जो कमजोर वर्ग से आते लेकिन उसके कारण उनके परिवार के छात्र छात्राओं को पढ़ाई-लिखाई में कोई समस्या आ रही है।तो उन प्रतिभागियों को लेकर लगातार सहयोग किया जा सकता है।

सभी क्षेत्रों में सक्षम लोग सहयोग करेंगे। सामाजिक उत्थान के लिए पर्याप्त व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई तो समाधान पर भी विचार किया गया। आगामी कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

जिला न्यायालय में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

नर्मदापुरम। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर नर्मदापुरम के ए.डी.आर भवन में 19 सितम्बर को वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा की उपस्थिति में सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर तृतीय जिला न्यायाधीश वर्षा शर्मा, विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार नोटिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री के. शिवानी, समस्त न्यायाधीशगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गहलोत, विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की टीम, आयुष विभाग के चिकित्सक, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश तृप्ति शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, रोज थोड़ा व्यायाम, पूरी नींद और साफ-सफाई बहुत जरूरी है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाना और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है।

हिंदी साहित्य परिषद का स्थापना दिवस समारोह किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकास खंड का एक मात्र हिंदी साहित्य परिषद के गठन 14 सितंबर 1988 को नगर में किया गया था। तभी से लेकर अब तक परिषद का संचालन किया जा रहा है। परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साधना स्थापक राज्य महिला आयोग, विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता राजेन्द्र गटटानी, प्रांतीय अध्यक्ष लेखक संघ , ऋषि कुमार पाण्डेय वरिष्ठ गीतकार , कुमार सुरेश वरिष्ठ साहित्यकार भोपाल उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीना नवनीत नागपाल भाजपा नगरपालिका अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन दीक्षा व्यास ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम आयोजन कर्ता साहित्य परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश भार्गव , उपाध्यक्ष हर्ष लता राजपूत सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। हिंदी साहित्य परिषद के प्रतिवेदन प्रस्तुत किया हर्ष लता राजपूत के द्वारा। सभी साहित्यकार रचना कारों के द्वारा अपनी रचनाओं काव्य संग्रह पाठों का वाचन किया गया। वक्ताओं के द्वारा लगातार साहित्य प्रेमी एवं काव्य संग्रह पाठों रचनाएं ऐसी-ऐसी सुनाई गई की लोग अपने-अपने ढंग से आनंद लेते रहे। साधना स्थापक राज्य महिला आयोग का स्वागत सम्मानित ओमप्रकाश भार्गव के द्वारा किया गया।

शोभायात्रा का जगह-जगह किया स्वागत सत्कार

राधारानी सरकार की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र एवं आसपास के सभी गुर्जर समाज के लोगो ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रिपटा मंदिर राधा कृष्ण मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया गया।

अनेकानेक जगहों पर लगातार शोभायात्रा का स्वागत सम्मानित किया गया। जय माता दी समिति के सदस्य संजू शर्मा सहित अन्यसभी लोगों ने अपने प्रतिष्ठान के सामने स्वागत किया गया। सांसद के कार्यालय में भी स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंगलवारा चौराहे पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने बताया कि राजकुमार पलियासहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ब्लाक अध्यक्ष सहित किसान कांग्रेस युवक कांग्रेस महिला मोर्चा कांग्रेस सहित ने स्वागत किया।

दुर्गा मंदिर न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंगलवारा चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। हतवास में गुर्जर समाज के भवन तक निकाली गई। तथा वहां पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया प्रशांत रघुवंशी बलराम ठाकुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी माधव दास अग्रवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविंद राय सहित अन्य सभी ने अपनी हाजरी लगवाई गई थी। कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सामाजिक कार्यों पर भी चर्चा हुई।

पर्युषण पर्व के पंचम दिवस उत्तम शौच धर्म की आराधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय जैन चैत्यालय में चल रहे दस दिवसीय पर्युषण पर्व के अंतर्गत पंचम दिवस रविवार को उत्तम शौच धर्म के रूप में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह जैन चैत्यालय में मंदिर विधि, भजन एवं भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रविवार को भोपाल से पधारे विद्वान पंडित मदन मस्त ने उत्तम शौच धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, आत्मशुद्धि एवं जीवन में सदाचार अपनाने का संदेश दिया। उनके प्रवचन से उपस्थित श्रद्धालु आध्यात्मिक विचारों से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में जैन समाज के महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे चैत्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पर्युषण पर्व के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों एवं प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालु आत्मकल्याण व धर्म आराधना में सहभागी हो रहे हैं।

जिले का भव्य डोलग्यारस महोत्सव सोहागपुर में कल से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र को द्वापर युगीन माना जाता है, जहां धार्मिक पर्व हर्ष, उल्लास एवं समर्पण भाव के साथ मनाए जाते हैं। इस वर्ष इसी क्रम में डोल ग्यारस महोत्सव 22 सितंबर को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। जिसमें हजारों क्षेत्रीय नागरिक क्षेत्र की एवं स्वयं की पुरातन पहचान को बनाए रखने के लिए सहभागी होंगे।

सोहागपुर डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि नर्मदापुरम जिले के भव्यतम डोल ग्यारस महोत्सवों में से खास ल चर्चित आयोजन सोहागपुर में प्रतिवर्ष होता है। इस वर्ष यह आयोजन 22 सितंबर 2026 को पारंपरिक भव्यता के अनुरूप होगा। उन्होंने बताया कि 128 वें वर्ष में डोल ग्यारस का महोत्सव पहुंच चुका है।

ये होंगे आयोजन

- नगर के मंदिरों द्वारा विमानों की शाही सवारी का समूचे वहर ल मुख्य बाजार क्षेत्र में चल समारोह
- रानी लक्ष्मी बाई मंच पर डोल ग्यारस के दिवस शाम को नृत्य आयोजन एवं रात्रि में इनामी भजन प्रतियोगिता
- शहर के मुख्य बाजार में भव्य मेला
- श्री राम चौक पर पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन
- बिहारी चौक पर विशाल इनामी डंडा प्रतियोगिता
- अनंत चतुर्दशी पर रानी लक्ष्मी बाई मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

खबर संक्षेप



तीन दिवसीय हनुमंत कथा का कार्यक्रम शुरू हुआ

सीहोर। भगवान शिव शक्ति नंदन प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम नयापुरा में शनिवार से 21 सितंबर सोमवार तक तीन दिवसीय संगीतमय श्री हनुमंत कथा का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया है। पंडित श्री गणेशानंद महाराज के मुखारविंद से संगीतमय सीताराम भक्त श्रीहनुमंत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक मांगलिक भवन परिसर नयापुरा में किया गया है। सोमवार को ग्राम वासियों की उपस्थिति में ग्राम के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी। क्षेत्र के सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

अब बिना परीक्षा पढ़ा सकेंगे, अतिशेष होने पर ही ट्रांसफर होगा

शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता, स्कूल मर्ज होते ही सांदीपनि में शिक्षकों की सीधी एंट्री

नए आदेश के अनुसार जो शिक्षक सांदीपनि में ही बने रहना चाहते हैं, उन्हें फिलहाल वहीं रखा जाएगा। लेकिन जो शिक्षक दूसरी स्कूल जाना चाहते हैं, उनकी काउंसिलिंग 25 सितंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


फाइल फोटो

सांदीपनि (पूर्व नाम सीएम राइज) स्कूलों में मर्ज हुई आसपास की स्कूलों के शिक्षकों को अब बिना कोई परीक्षा दिए सीधे यहां पढ़ाने का मौका मिलेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने 15 सितंबर को इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है, जिसमें विभाग के 17 नवंबर 2025 के पत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि जो शिक्षक यहां रहना चाहेंगे, उन्हें रखा जाएगा; बाकी की काउंसिलिंग 25 सितंबर तक पूरी की जाएगी। खास बात यह है कि 2021 में जब ये स्कूल शुरू हुए थे, तब यहां टिके रहने के लिए पदस्थ शिक्षकों को भी लिखित परीक्षा व इंटरव्यू पास करना पड़ा था, ताकि पढ़ाई का स्तर ऊंचा बना रहे।

274 प्रदेश में है सांदीपनि स्कूल

प्रदेश में फिलहाल करीब 274 सांदीपनि स्कूल चल रहे हैं, जिन्हें सर्वसुविधायुक्त बनाकर बेहतर पढ़ाई का दावा किया गया है। मगर अब स्कूल मर्ज होने के साथ शिक्षा की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने की उसी शर्त से फिलहाल समझौता कर लिया गया है। यहां पढ़ाने के लिए शिक्षकों को अब परीक्षा देकर अपनी योग्यता साबित नहीं करनी होगी।

अतिथि शिक्षकों की नौकरी पर मंडराया खतरा : कई सांदीपनि स्कूलों में अभी रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं। मर्जर के बाद जो नियमित शिक्षक अब यहां पहुंचेंगे, वे इन्हीं खाली पदों पर पदस्थ किए जाएंगे। इसका सीधा असर यह होगा कि इन पदों पर पढ़ा रहे अतिथि शिक्षकों की जगह नहीं बचेगी और उनकी नौकरी पर खतरा मंडराने लगेगा। यानी नियमित शिक्षकों की पद स्थापना के बाद अतिथियों के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती है।

25 सितंबर तक तय होगा कौन रुकेगा कौन जाएगा

नए आदेश के अनुसार जो शिक्षक सांदीपनि में ही बने रहना चाहते हैं, उन्हें फिलहाल वहीं रखा जाएगा। लेकिन जो शिक्षक दूसरी स्कूल जाना चाहते हैं, उनकी काउंसिलिंग 25 सितंबर तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी बीच अगर किसी स्कूल में जरूरत से ज्यादा शिक्षक पहुंच गए हैं, तो जिला स्तर की एक कमेटी तय करेगी कि किसे यहीं रखना है और किसे कहीं और भेजना है। यह फैसला बच्चों की नई दाखिला संख्या के आधार पर लिया जाएगा, न कि शिक्षक की काबिलियत के आधार पर।

67 सांदीपनि स्कूलों में मर्ज हो चुके हैं 450 स्कूल

सरकार के मुताबिक, प्रदेश में शून्य नामांकन वाली शालाओं का "एक परिसर, एक शाला' और सांदीपनि स्कूल व्यवस्था के तहत युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इसी कवायद के पहले चरण में करीब 450 स्कूल सिमटकर सिर्फ 67 सांदीपनि विद्यालयों में समा गए हैं। यानी औसतन हर एक सांदीपनि स्कूल में आसपास की छह-सात पुरानी शालाएं मिला दी गई हैं।

दूसरे चरण में भी यह विलय प्रक्रिया जारी है। नीति में मर्जर के लिए 3 किलोमीटर का दायरा तय है, लेकिन असल में इतने स्कूलों को समेटने के लिए कई जगह बच्चों को 5 से 10 किलोमीटर तक दूर भेजा जा रहा है।

नगर में विराजे गजानन...


सीहोर। अंबेडकर पार्क रविदास मंदिर के पास गंज शिव पार्वती गणेश उत्सव समिति द्वारा विजराजित गणेश प्रतिमा। अध्यक्ष अंकुर, हर्ष महोबिया।


सीहोर। जगदीश मंदिर चौराहा पर भगत सिंह क्लब गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजित गजाजन। अध्यक्ष शैलेंद्र राठौर।


सीहोर। गंज बजरिया पुराना बस स्टैंड पर बाल युवक संगठन गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजित गजाजन की प्रतिमा। अध्यक्ष अभिषेक राठौर।


सीहोर। गाड़ी अड्डा सीहोर भागलपुरी गणेश उत्सव समिति द्वारा विराजित गजाजन की प्रतिमा। अध्यक्ष सूरज सिंघानिया।


सीहोर। नगर में विराजे यह बहुत ही सुंदर आकर्षक मनमोहक गणेश जी की यह प्रतिमा हर वर्ष मयूर आर्ट मुंबई से बनकर आती है एवं श्रृंगार श्री श्याम इवेंट सनी चंदेल द्वारा किया जाता है खत्री परिवार द्वारा इसे अपने निवास पर स्थापित किया गया है राकेश खत्री चंद्रशेखर आजाद मार्ग संजय हार्डवेयर के पास सीहोर।

आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया राष्ट्रीय पोषण माह:कुपोषण से मुक्ति का लिया संकल्प, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर

जिले में ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस पर दी गई स्वास्थ्य सेवाएं



सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दौरान बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान के अंतर्गत 0 से 1 वर्ष आयु के 689 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि 1 वर्ष से अधिक आयु के 285 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया।

इसके साथ ही 89 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी भी प्रदान की गई।

सन्नी महाजन के आह्वान पर बाजार में दुकानदारों ने जलाया आशीर्वाद का दीया



सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में गुरुवार की रात वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और दीपकों जगमग किया गया। भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के आह्वान पर अटल बिहारी वाजपेई चौराहा से बड़ा बाजार तक के दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर दीपक जलाकर रोशनी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस और उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी। शुभ अवसर पर भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में इतिहास रच रहा है मोदी है तो मुमकिन है यह साबित हो रहा है। आज पुरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक सुदेश राय भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, जिला प्रभारी विकास बिरानी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे प्रधानमंत्री को नमन किया।


सांदीपनि स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत थीम पर बनाईं उत्कृष्ट कलाकृतियां



सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सीहोर के शासकीय सांदीपनि (मनुबेन) स्कूल में 'सेवा चित्र कार्यक्रम' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'विकसित भारत' विषय पर आधारित आकर्षक एवं प्रेरणादायी चित्रकला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर एवं क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों का गहनता से अवलोकन किया और उनकी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मकता की प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि हम सभी को मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने तथा अपने 'सपनों के भारत' की परिकल्पना को साकार करना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण रूप से 'विकसित भारत' बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने में हमारे देश की युवा शक्ति और विद्यार्थियों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आज बच्चों द्वारा कैनवास पर उकेरी गई तस्वीरें केवल कलाकृतियां नहीं हैं, बल्कि यह हमारे आने वाले सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की झलक हैं। इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं बच्चों में राष्ट्र निर्माण की भावना, सामाजिक दायित्व और प्रतिभा का विकास करती हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय प्राचार्य सहित हरीश राठौर, सुरेंद्र राठौर एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

सत्य की ओर समिति ने निभाया इंसानियत धर्म



सीहोर। जीवन के सफर में जब रिश्तों के धागे टूट जाते हैं और कोई अपना साथ नहीं देता, तब भी ईश्वर किसी न किसी रूप में सहारा बनकर सामने आता है। शहर में निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा और लावारिस शवों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार का संकल्प लेकर काम कर रही सत्य की ओर समिति ने एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की है। समिति के सेवादार सदस्यों द्वारा फ्रीगंज मंडी निवासी 52 वर्षीय बुजुर्ग महिला स्व. कमलाबाई यादव के पार्थिव शरीर का संपूर्ण हिंदू रीति-रिवाज के साथ मोक्षधाम ले जाकर दाह संस्कार कराया गया। बता दें निर्धन कमलाबाई यादव के निधन की सूचना मिली तो श्सत्य की ओर समिति के सदस्य बिना किसी देरी के आगे आए। समिति के सदस्यों ने न केवल मृतका के पार्थिव देह को पूरे सम्मान के साथ कंधा दिया, बल्कि मुखाग्नि और अंतिम संस्कार की सभी धार्मिक विधियों को पूरी निष्ठा व श्रद्धा के साथ संपन्न कराया।

सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : इस पुनीत कार्य में सत्य की ओर समिति अध्यक्ष शंकर सम्राट, श्याम सुंदर मोदी, हरीश अग्रवाल, शैलेंद्र चंदेल, सुनील दुबे, कैलाश अग्रवाल, नंदकिशोर साहू, लकी राजपाल, ऋषि राज शर्मा, कमलेश कटारे, डॉ. नरोलिया और विमल जैन सहित अन्य सेवाभावी नागरिक उपस्थित रहे।

निस्वार्थ सेवा का प्रतीक बनती समिति : गौरतलब है कि सत्य की ओर समिति पिछले लंबे समय से सीहोर शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव या स्वार्थ के ऐसे असहाय, निर्धन और लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार कराती आ रही है, जिनका इस दुनिया में कोई सहारा नहीं होता। समिति के सदस्यों का मानना है कि इंसान की मौत के बाद उसकी देह को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई देना ही सबसे बड़ी मानव सेवा और धर्म है। समिति अब तक कई ऐसे पार्थिव शरीरों को ससम्मान अंतिम विदाई देकर प्रभु चरणों में समर्पित कर चुकी है।

पर्युषण महापर्व पर धार्मिक अनुष्ठान, भक्ति भाव से मनाया जा रहा

पर्युषण महापर्व पर जिनवाणी महिला मंडल के तत्वावधान में प्रस्तुत की प्रेरणादायक नृत्य नाटिका





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पर्युषण महापर्व पर धार्मिक अनुष्ठान भक्ति भाव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। साथ ही संध्या को श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर परिसर मे जिनवाणी महिला मंडल के तत्वावधान मे सांस्कृतिक कार्यक्रम, जैन धर्म पर आधारित प्रेरणादायक शानदार नृत्य नाटिका मां की ममता एवं पूजा का फल की मनमोहक सराहनीय प्रस्तुतीकरण पर श्रध्दालुओ ने तालियो की आवाज से परिसर को गुंजायमान कर दिया । जिनवाणी महिला मंडला नृत्य नाटिका कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती जैन ने बताया कि मां की ममता एवं पूजा का फल नाटिका प्रस्तुत की गई हैं। जिसमें धनंजय सेठ के बारे में बताया गया की जिनकी पूजा और श्रध्दान विषापहार स्तोत्र से उनके बेटे की जान सर्प देश से बच गई - एवं उनकी नास्तिक धर्म पत्नी भी धर्म पर विश्वास करने लगी पत्नी और विश्वास से पूजा के करने लगी। पूजा का फल अपरमपार है। पूजा का फल जिसके रचियता जैन धर्म में महाकवि धनंजय सेठ जिन्होंने सुप्रसिद्ध विषापहार स्तोत्र की रचना की थी के जीवन से जुड़ा पूजा का फल और उनकी अटूट निष्ठा का प्रसंग अत्यंत प्रसिद्ध और प्रेरणादायी जैन ग्रंथों के अनुसार, जब जीव सच्चे निष्काम भाव से भगवान की अष्टद्रव्य से पूजा करता है, तो उसका पुण्य और आत्मिक बल इतना बढ़ जाता है कि असाध्य संकट भी दूर हो जाते हैं। महाकवि धनंजय के जीवन की यह घटना 'पूजा के फल' को प्रत्यक्ष प्रमाणित करती है।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान शुरु

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस के मार्गदर्शन में आज सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय परिवार ने जनसेवा, जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसेवा एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार करना तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करना है।